भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 2401
सोमवार, 20 दिसंबर, 2021/29 अग्रहायण, 1943 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

बिहार में हवाई अड्डों का विकास

2401. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा उड़ान योजना के अंतर्गत बिहार में कितने हवाई अड्डों के विकास की योजना बनाई है;

(ख) क्या दरभंगा के अतिरिक्त किसी अन्य शहर से हवाई यातायात प्रारम्भ करने का प्रस्ताव है; और

(ग) क्या सरकार ने समस्तीपुर को 'उड़ान' योजना में शामिल करने के संबंध में कोई साध्यता/ व्यवहार्यता अध्ययन करवाया है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)

(क) से (ग): नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय हवाई सम्पर्क को सुगम बनाने/बढ़ावा देने और हवाई यात्रा को आमजन के लिए वहनीय बनाने के लिए 21-10-2016 को क्षेत्रीय सम्पर्क योजना (आरसीएस) - उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) आरंभ की है। 'उड़ान' एक बाजार संचालित योजना है। इच्छुक एयरलाइनें, मार्ग विशेष पर मांग के अपने आकलन के आधार पर 'उड़ान' के अंतर्गत बोली प्रक्रिया के समय अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं। आरसीएस-उड़ान के अंतर्गत बोली प्रक्रिया के 4 दौर के बाद, बिहार के दरभंगा हवाईअड्डे को, बेंगलुरु, दिल्ली और मुंबई से जोड़ने वाली 'उड़ान' सेवाएं आरंभ करने के लिए चयनित एयरलाइन प्रचालक (एसएओ) को अवार्ड किया गया है। चयनित एयरलाइन प्रचालक ने दरभंगा हवाई अड्डे को बेंगलुरू, दिल्ली और मुम्बई से जोड़ते हुए उड़ान योजना के अंतर्गत उड़ान शुरू कर दी हैं। बिहार का समस्तीपुर, 'उड़ान' दस्तावेज में अल्पसेवित और असेवित हवाईअड्डों की सांकेतिक सूची में उपलब्ध नहीं है।

*****